प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 27.02.2025

- **अवैध जुए/सट्टे के विरूद्ध कानपुर देहात पुलिस की बड़ी कार्यवाही।**
- **थाना सिकंदरा पुलिस टीम की कार्यवाही से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 07 नफर अभियुक्तगण को कुल 7,87,500/- रूपये, 07 अदद मोबाइल, 04 अदद वाहन व 52 अदद ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में अवैध जुए/सट्टे की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, आज दिनांक 27.02.2025 को समय करीब 01.30 बजे मुखबिर खास की सूचना पर थाना सिकन्दरा पुलिस, स्पेशल टीम, सर्विलांस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना सिकंदरा क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम पिण्डार्थू स्थित इमरान पुत्र शमीम खाँ के खेत में बने कमरे में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे सात व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए फड़ से 52 अदद ताश पत्ता, मालफड़ से 6,07,000/- रूपये व जामा तलाशी में 1,80,500/- रूपये कुल योग 7,87,500/- रूपये, 07 अदद मोबाइल व 04 अदद वाहन बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिकंदरा मु0अ0सं0 40/2025 धारा 112 बीएनएस व 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया कि साहब इमरान पुत्र शमीम खाँ निवासी ग्राम पिण्डार्थू थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात के खेत में बने कमरे में हमलोग हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलने का हमलोग शमीम खां को पैसा देते थे। आज आप लोगों ने हमलोगों को जुआ खेलते हुये पकड़ लिया है।

बरामदगी का विवरण-

52 अदद ताश पत्ता, मालफड़ से 6,07,000/- रुपये व जामा तलाशी में 1,80,500/- रूपये, कुल योग 7,87,500/- रुपये, 07 अदद मोबाइल व 04 अदद वाहन (02 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद कार)।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. पंकज दुबे पुत्र रमेशचन्द्र दुबे निवासी ग्राम कसोलर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
2. चद्रिका प्रसाद पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम जटियापुर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात
3. विजय यादव पुत्र स्व0 कृष्णचन्द्र निवासी ग्राम ककरदही थाना शिवली जनपद कानपुर देहात
4. धीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 गणेश सिंह निवासी ग्राम आंट थाना रनिया जनपद कानपुर देहात
5. विशाल उर्फ लोहा यादव पुत्र रमेशचन्द्र यादव निवासी ग्राम लहरापुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात
6. जन्मेजय पुत्र स्व0 नाथूराम निवासी ग्राम गंभीरपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात
7. संजय सिंह पुत्र स्व0 सुखबीर सिंह निवासी ग्राम धर्मतपुर थाना सजेण्डी जनपद कानपुर नगर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री महेश कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात
2. स्पेशल टीम प्रभारी श्री जयप्रकाश शर्मा जनपद कानपुर देहात
3. उ0नि0 श्री भारत सिंह सर्विलांस टीम प्रभारी जनपद कानपुर देहात
4. उ0नि0 श्री चरण सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात
5. उ0नि0 श्री दयानंद झा थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात
6. हे0का0 685 चन्द्रप्रकाश स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात
7. हे0का0 13 मुकेश कुमार स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात
8. हे0का0 124 ध्यानेन्द्र सिंह सर्विलांस टीम जनपद कानपुर देहात
9. का0 1206 प्रहलाद सिंह स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात
10. का0 761 आलोक सिंह स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात
11. का0 172 रविन्द्र रावत स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात
12. का0 1059 अकरम सर्विलांस टीम जनपद कानपुर देहात
13. का0 896 कपिल कुमार सर्विलांस टीम जनपद कानपुर देहात
14. का0 98 गौरव कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात
15. का0 142 सन्तोष कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।